दैनिक प्रातः कालीन हिंदी अंग्रेजी समाचार पत्र

# क्यूँ न लिखूँ सच

मुरादाबाद से प्रकाशित

RNI NO-
UPBIL/2021/83001

दैनिक अखबार क्यूँ न लिखूँ सच को जिला एवं तहसील स्तर पर ब्योरो संवाददाता व विज्ञापन प्रतिनिधि चाहिए
9027776991
knlslive@gmail.com



वर्ष :- 02 अंक :- 347 मुरादाबाद, 18 April 2023 (Tuesday) पृष्ठ :- 08 मूल्य : 3.00 रुपये

प्रसारित क्षेत्र-बरेली, पीलीभीत, बदायूं, कासगंज, एटा, अलीगढ, संभल, श्रावस्ती, अलीगढ और उत्तराखंड

## जो कुछ नहीं कर पाते, वे भारत जोड़ने निकल पड़ते हैं, बिना नाम लिए राहुल पर राजनाथ सिंह का तंज



गुजरात के गिर सोमनाथ जिले में आज से सौराष्ट्र-तमिल संगमम कार्यक्रम का उद्घाटन रक्षामंत्री राजनाथ सिंह ने किया। इस मौके पर अपने संबोधन में उन्होंने देश की सांस्कृतिक सुरक्षा पर बल दिया। यहां बोलते हुए रक्षामंत्री ने कहा कि देश की पहचान को बनाए रखने के लिए सांस्कृतिक सुरक्षा भी उतनी ही महत्वपूर्ण है जितनी कि सुरक्षा के अन्य पहलू। इस दौरान राजनाथ सिंह ने कांग्रेस नेता राहुल गांधी की भारत जोड़ो यात्रा को लेकर भी बिना नाम लिए उनपर हमला बोला। उन्होंने कहा कि जो लोग कुछ और करने में सक्षम नहीं हैं, वह भारत को जोड़ने के लिए निकल पड़ते हैं जो पहले ही एकजुट और अविनाशी है।

### सांस्कृतिक सुरक्षा भी महत्वपूर्ण

रक्षामंत्री ने अपने संबोधन में यहां यह भी कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मार्गदर्शन में हमारी सभ्यता, धर्म और संस्कृति को समर्पित गतिविधियों को देखते हुए कह सकते हैं कि सांस्कृतिक पुनर्जागरण हम पर निर्भर करता है। उन्होंने आगे कहा कि आप सभी सीमा सुरक्षा, आर्थिक सुरक्षा, सामाजिक सुरक्षा और खाद्य सुरक्षा के बारे में जानते हैं। अब अंतरिक्ष और साइबर सुरक्षा जैसे नए आयाम भी जुड़ गए हैं। हाँ, सुरक्षा का एक और आयाम है जो उतना ही महत्वपूर्ण है और वह आयाम है हमारी संस्कृति का। इसे सांस्कृतिक सुरक्षा भी कहा जा सकता है। जिस तरह किसी राष्ट्र की पहचान को अक्षुण्ण रखने के लिए सीमाओं की सुरक्षा और अन्य चीजों की जरूरत होती है, उसी तरह देश की पहचान को बनाए रखने के लिए उसकी संस्कृति की सुरक्षा भी जरूरी है। भारत की सांस्कृतिक परंपरा इतनी मजबूत है कि तेज आंधी भी इसे हिला नहीं सकती।

### राहुल गांधी पर बिना नाम लिए साधा निशाना

अपने संबोधन में राजनाथ सिंह ने कहा कि लेकिन कुछ लोगों को ऐसे अखंड और अद्वितीय भारत को जोड़ने का फैशन है। जो और कुछ नहीं कर पाते हैं वे भारत को जोड़ने निकल पड़ते हैं, लेकिन भारत कह रहा है कि मैं अखंड हूं, मैं टूटा नहीं हूं, बावजूद इसके वे कहते हैं कि नहीं, मैं आपको जोड़ता रहूंगा। राहुल गांधी की भारत जोड़ो यात्रा पर तंज कसते हुए परोक्ष रूप से उन्होंने कहा कि आज नहीं, ये लंबे समय से भारत को जोड़ने का काम कर रहे हैं।

### राममंदिर पर कही यह बात

सौराष्ट्र-तमिल संगमम के उद्घाटन समारोह में अपने संबोधन में उन्होंने आगे कहा कि इस समय भारत एक बड़े सांस्कृतिक परिवर्तन का साक्षी बन रहा है। हम भाग्यशाली हैं कि हम न केवल साक्षी हैं बल्कि इस परिवर्तन के सहभागी भी हैं। इस दौरान उन्होंने अयोध्या में बन रहे राममंदिर का भी जिक्र किया। राजनाथ सिंह ने कहा कि एक बार देश की जनता के दिलों में बसने वाले भगवान राम के लिए अयोध्या में जगह तलाशना मुश्किल हो गया था। कई पीढ़ियां तो यह सोचते हुए ही खत्म हो गईं कि राम मंदिर का निर्माण हो भी पाएगा या नहीं। विपक्ष पर तंज कसते हुए उन्होंने आगे कहा कि लोगों ने हमारा मजाक उड़ाया और इसके निर्माण की तारीख पूछी।

अब पीएम मोदी के नेतृत्व में आखिरकार भव्य मंदिर का निर्माण किया जा रहा है। राजनाथ सिंह ने कटाक्ष करते हुए कहा कि एक बार भव्य मंदिर का निर्माण पूरा हो जाए फिर इसके निर्माण की तारीख के बारे में पूछने वालों को भी इसके उद्घाटन के लिए आमंत्रित किया जाना चाहिए। अपने संबोधन में राजनाथ सिंह ने कहा कि लेकिन कुछ लोगों को ऐसे अखंड और अद्वितीय भारत को जोड़ने का फैशन है। जो और कुछ नहीं कर पाते हैं वे भारत को जोड़ने निकल पड़ते हैं, लेकिन भारत कह रहा है कि मैं अखंड हूं, मैं टूटा नहीं हूं, बावजूद इसके वे कहते हैं कि नहीं, मैं आपको जोड़ता रहूंगा।

## चिट्ठी आएगी हड़कंप मचाएगी: सीलबंद लिफाफे में कैद अतीक-अशरफ की हत्या का राज, CM योगी और CJI के पास पहुंचेगी




वकील विजय मिश्रा ने कहा कि जल्द ही योगी आदित्यनाथ के पास एक सीलबंद चिट्ठी पहुंचेगी। इसमें अतीक और अशरफ को मरवाने वाले का नाम लिखा होगा। अतीक अहमद और उसके भाई अशरफ हत्याकांड ने न केवल यूपी बल्कि देश की राजनीति को गरमा दिया है। दोनों की हत्या को लेकर विपक्ष सरकार पर हमलावर है तो सरकार मामले के लिए जांच टीम गठित कर चुकी है। इस बीच चर्चा है कि जल्द ही अशरफ की एक गुप्त चिट्ठी मुख्य न्यायधीश और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के पास पहुंच सकती है, इसमें उसका नाम है जिसने अशरफ और अतीक पर हमला करवाया। दरअसल इस बात को और मजबूती तब मिली जब अतीक के वकील विजय मिश्रा ने कहा कि जल्द ही योगी आदित्यनाथ के पास एक सीलबंद चिट्ठी पहुंचेगी। इसमें अतीक और अशरफ को मरवाने वाले का नाम लिखा होगा। अशरफ मुझसे बोला था अगर उसकी हत्या हो जाती है तो यह बंद लिफाफा चीफ जस्टिस और सीएम योगी आदित्यनाथ पास पहुंच जाएगा।

### अशरफ ने जता दी थी हमले की आशंका

बीते 29 मार्च को अशरफ को पुलिस एक मुकदमे की पेशी के दौरान प्रयागराज में थी। इसके बाद वह वापस आधी रात को बरेली जिला पहुंचता है। इस दौरान अशरफ ने पत्रकारों से कहा था कि एक पुलिस अधिकारी ने उसको धमकी दी है कि अगले दो सप्ताह में हत्या कर दी जाएगी। ऐसा हुआ तो उस अधिकारी का नाम लिखा बंद लिफाफा अदालत के सामने खुलेगा। हाईकोर्ट का आदेश है कि किसी भी केस की सुनवाई वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए कराई जा सकती है। फिर भी उसे और उसके भाई को जेल से निकाला गया। जेल में हत्या की आशंका को लेकर अशरफ ने कहा था कि मुझे जेल में नहीं बल्कि बाहर खतरा है और अंत में हुआ भी वही।

### ढूंढा जा रहा इस सवाल का जवाब

उमेश पाल हत्याकांड में पूछताछ के लिए रिमांड पर लिए गए माफिया अतीक अहमद और अशरफ ही हत्या पुलिस की लापरवाही का नतीजा मानी जा रही है। उसकी तरफ से हर कदम पर चूक हुई। साबरमती जेल से माफिया अतीक और बरेली जेल से लाए गए अशरफ को कस्टडी रिमांड पर लिए जाने के बाद सुरक्षा की अनदेखी से कई सवाल खड़े हो गए हैं। रिमांड के दौरान जहां, माफिया और उसके भाई के वकील को भी सौ मीटर दूर रहने की इजाजत कोर्ट ने दी थी, वहां मेडिकल मुआयने से पहले अस्पताल गेट पर मीडियाकर्मियों को सवाल करने की छूट कैसे दी गई? इसका जवाब ढूंढ़ा जा रहा है।

### साधारण जीप में घूमता रहा आतंक का दूसरा नाम अतीक

जिस माफिया अतीक की पेशी के दौरान सुरक्षा में एक हजार से अधिक पुलिस-पीएसी और आरएएफ के जवान लगाए जा रहे थे, जेल से बायोमीट्रिक लॉक वाली प्रिजन वैन में लाया जाता था, उसे दो दिन से धूमनगंज पुलिस थाने की साधारण जीप में लेकर घूमती रही। इतना ही नहीं उमेश पाल हत्याकांड में प्रयुक्त असलहों की बरामदगी के लिए कसारी-मसारी के जंगल में भी पुलिस अतीक-अशरफ को लेकर जीप से ही टहलती देखी गई। इस दौरान एक ही हथकड़ी की चेन में दोनों भाइयों के हाथ बांध कर घुमाया जाता रहा।

### बार-बार मेडिकल कराना खड़े कर रहा सवाल

सीजेएम कोर्ट ने दोनों की रिमांड मंजूर करते हुए अपने आदेश में लिखा है कि न्यायिक अभिरक्षा से विवेचक की पुलिस कस्टडी में लेने से पहले और फिर पुलिस अभिरक्षा से न्यायिक अभिरक्षा में सौंपते समय दोनों का चिकित्सकीय परीक्षण और कोरोना जांच कराई जाएगी। लेकिन, तीन दिन से लगातार रात को पुलिस चिकित्सकीय परीक्षण के लिए लेकर अतीक-अशरफ को पहुंचती रही। ऐसे में बार-बार चिकित्सकीय परीक्षण कराने की वजहों को लेकर भी सवाल खड़े हो रहे हैं। बिना औचित्य के कॉल्विन अस्पताल में चिकित्सकीय परीक्षण के लिए माफिया अतीक और उसके भाई को लेकर जाने के सवाल पर धूमनगंज के इंस्पेक्टर राजेश कुमार मौर्य का कहना था कि उनकी तबीयत खराब हो गई थी। जबकि अस्पताल के गेट पर शूटआउट से चंद सेकंड पहले तक अतीक सहज तरीके से बात करता नजर आ रहा था।

## परीक्षा देकर लौट रही छात्रा की दिनदहाड़े हत्या, खून से लथपथ हालत में मिला शव; अखिलेश ने योगी सरकार को घेरा



उरई - एट थाना क्षेत्र में हाईवे पुल के समीप कोटरा रोड पर एक छात्रा की गोली मारकर हत्या दी गई। वारदात के बाद आरोपित मौके से भाग गया। घटना की सूचना मिलने के बाद पुलिस मौके पर पहुंच गई। अंदेशा जताया जा रहा है कि एकतरफा प्यार में नाकाम होने पर किसी ने हत्या की है। पुलिस अधीक्षक ने घटनास्थल का मुआयना कर स्थानीय पुलिस के अलावा एसओजी व सर्विलांस सेल की टीम को भी जांच में लगा दिया है। कस्बा एट में राम लखन डिग्री कालेज में बीए प्रथम वर्ष की 21 वर्षीय छात्रा रोशनी पुत्री मान सिंह निवासी ऐंधा सोमवार को परीक्षा देने के लिए गई थी। परीक्षा खत्म होने के बाद वह करीब बारह बजे घर लौट रही थी। इसी दौरान कोटरा रोड हाईवे पुल के किसी बाइक सवार ने उसे गोली मार दी और वहां से भाग गया। वारदात के बाद वहां सनसनी फैल गई। घटना की सूचना मिलने के बाद पुलिस मौके पर पहुंच गई।घटनास्थल पर जांच करते एसपी डा ईरज राजा कालेज की ड्रेस में सड़क पर खून से लथपथ पड़ी छात्रा अंतिम सांसें गिन रही थी। आननफानन उसे एंबुलेंस से जिला अस्पताल भेजा गया, लेकिन इसी बीच उसकी मौत हो गई। दिनदहाड़े छात्रा की हत्या किस वजह से की गई। अभी यह साफ नहीं है। स्थानीय पुलिस के अलावा एसपी डा. ईरज राजा मौके पर पहुंच गए और घटनास्थल का मुआयना दिया। वहीं इस घटना को लेकर अखिलेश यादव ने योगी सरकार का घेराव किया है। घटना की तस्वीर शेयर करते हुए उन्होंने लिखा कि भाजपा सरकार 9 अपराध-ही-अपराध। छात्रा के मोबाइल फोन का सीडीआर पुलिस निकाल रही है। पुलिस अधीक्षक डा. ईरज राजा का कहना है कि घटना की गंभीरता से जांच की जा रही है। थाना पुलिस के अलावा एसओजी को भी जांच में लगाया गया है। जल्द कातिल की पहचान कर उसे गिरफ्तार कर लिया जाएगा। घटनास्थल पर एक तमंचा भी मिला है। जिससे लगता है कि उसी तमंचा से छात्रा को गोली मारी गई। वारदात के बाद छात्रा की मां सुनीता व भाई श्रीचंद रोते-बिलखते हुए मौके पर पहुंच गए।

## वरुण गांधी बोले: मैं हिंदू हूं... वोट के लिए टोपी नहीं लगाता, लेकिन जिस तरह से एक समाज को डराया जा रहा, वो गलत

भाजपा सांसद वरुण गांधी ने कहा कि मैं हिंदू हूं, लेकिन वोट के लिए टोपी लगाकर दूसरे धर्मस्थल पर नहीं जाऊंगा। उन्होंने यह भी कहा कि जिस तरीके से एक समाज को डराया जा रहा है, वो भी गलत है। पीलीभीत से भाजपा सांसद वरुण गांधी ने कहा कि आज जिस तरीके से एक समाज को डराया जा रहा है, यह देश के लिए ठीक नहीं है। मैं डंके की चोट पर कह रहा हूं। उन्होंने कहा कि मैं किसी अपराधी की बात नहीं कर रहा। अतीक अहमद की बात नहीं कर रहा। आम इंसान की बात कर रहा हूं। उन्होंने कहा कि हमारा देश तब मजबूत होगा। जब सबको समान अधिकार मिलेंगे। जब सबको नौकरी मिलेगी। पीलीभीत दौरे के दूसरे दिन रविवार को सांसद वरुण गांधी ने बरखेड़ा ब्लॉक के ग्राम दियोहना, पैनिया रामकिशन तथा ज्यूराह कल्यानपुर में जनसंवाद किया। इस दौरान उन्होंने कहा कि वह उन नेताओं की तरह नहीं है, जो चुनाव के समय बड़े-बड़े वादे करते हैं और बाद में मुड़कर नहीं देखते। मैं हिंदू हूं, लेकिन वोट के लिए टोपी लगाकर दूसरे धर्मस्थल पर जाऊं ऐसा नहीं। उन्होंने यह भी कहा कि जिस तरीके से एक समाज को डराया जा रहा है, वो भी गलत है।

ऐसे भी नेता हैं, जिनकी कथनी करनी में फर्क

वरुण गांधी ने कहा कि उनकी राजनीति सच्चाई, ईमानदारी और देशभक्ति पर आधारित है। वह देश को खुशहाल और मजबूत बनाने के लिए कोई कोर कसर नहीं छोड़ेंगे। जबकि ऐसे नेता भी मौजूद हैं, जिनकी कथनी और करनी में बहुत बड़ा फर्क है।भाजपा सांसद ने कहा कि किसान और नौजवान परेशान हैं। आवारा पशुओं की समस्या खत्म होने की जगह बढ़ गई है। आवास, पेंशन आदि सरकारी योजनाओं में भ्रष्टाचार व धांधली की शिकायतें लगातार मिल रहीं हैं। कहा कि देश की मजबूती के लिए सबको समान अधिकार मिलना जरूरी है, तभी घर-घर खुशहाली आएगी और सबके बच्चे फले फूलेंगे। महिलाओं की सुरक्षा होगी, लोग भेदभाव छोड़कर जाति-धर्म से ऊपर उठकर साथ मिलकर चलेंगे।

# संपादकीय Editorial

**Restrictions and dumping of substitutes**

Ultimately, one has to go to the courts to preserve the peaceful moments of the future, which are being ignored in the hustle and bustle of life. Now the issue is that of garbage, which is leading to the unclaimed condition due to the pace of our life, the havoc of the lifestyle and the inaction of the local bodies. In such a situation, the Hon'ble High Court has given necessary instructions to the urban bodies in proper arrangements for its management, along with a complete ban on dumping of waste in the rivers and drains. It is also being proved from the various parties appearing before the court that the shackles of the Ministry of Environment and Forests are intact on the land selected for garbage disposal. In developing urban towns like Bilaspur, Ghumarwin, Chuwadi, Banjar, Chaupal, Nerwa, Rohru, Aani, Shahpur, Chidgaon and Amb, the court has also given instructions to take immediate action on the objections and conditions of the Forest Department. Overall, Himachal has neither made any clear policy nor plan for the entire state in terms of waste management. Where the situation turned dire or funding was possible within the ambit of national plans, he played a formal role there. It is obvious that waste management is not only in the urban perspective, but also in the rural circles, due to the softness being shown towards it, the environment, water resources and the necessities of life are being adversely affected. Here the concerns and solutions regarding the future between the society and the government will not make much difference unless they move forward in a responsible manner. The need for state level survey and study regarding garbage has to be understood permanently. So far the municipal bodies have seen it possible only up to the initial role of cleanliness, whereas for this public instructions, a touch of order and a scientific solution of disposal for its overall management will have to be perfected. The irony is that Himachali city and faith centers are surrounded by forests on the one hand, and on the other hand natural water sources are being forced to be made an alternative to dumping.

For the last few years, even if new municipal bodies were increased, there was no blueprint for civic amenities or happiness of life within them. The Town Planning Department is not even able to give advice to deal with the modern challenges in the vision of human life within its limited scope. Many partners of cleanliness are visible in the case before the court and in this the state and central level process of Environment and Forest Department is also not free from its faults. In fact, in front of every possibility of civic development, the forest land stands like a monster. In such a situation, dumping is now looking for land, arrangements and alternatives for itself like a natural symptom and by-product of the development process. There is a need to put a place for the dumping material being produced instead of every road, tunnel, building construction and economic progress. Garbage on one hand and waste material generated from construction on the other hand also need a place. If the waste disposal requires a disposal site, then the disposal of the waste material will also be done on such a plot. In such a situation, every city needs such dumping sites, where future grounds, parking lots or residential colonies can be developed by filling the waste materials of crumbling construction. In fact, every step of Himachal needs new land, new sky and on this basis there is a need for cluster planning involving many cities. It is not necessary that future plans should be drawn within the limits of every city. If some cities come together to find a place for waste disposal, and by mutual coordination, common bus stands, court complexes and large grounds are found at central places, then many permanent solutions will be found in the comprehensiveness of the schemes.

# Priyanka Chopra sold her commercial property located in Mumbai, the final deal for so many crores

**Actress Priyanka Chopra is in constant headlines these days for her upcoming new web series 'Citadel'. Also he is busy promoting it. Meanwhile, a new news has come about him.**



Actually, Priyanka has sold one of her properties in Mumbai, for which she got crores of rupees. According to reports, the deal for this property has been finalized by her mother Madhu Chopra on behalf of Priyanka. Actually, Bollywood's Desi Girl Priyanka Chopra has assets worth crores in India as well as abroad. She lives in Los Angeles with her husband Nick Jonas and daughter Malti Mary Chopra Jonas. Now he has sold one of his commercial properties located in Lokhandwala, Mumbai. This property has been bought by dentist couple Dr. Nitesh and Dr. Nikita Motwani. Priyanka's property is an office space with a carpet area of 1781.19 square feet and a terrace area of 465 square feet. The dentist couple had rented this property from Priyanka in the year 2021, which they have now officially bought. It is on the 2nd floor of Vastu Precinct, Lokhandwala Road, which also has an open car parking area. On behalf of Priyanka, her mother Madhu Chopra has finalized this deal for seven crores. On the other hand, talk about Priyanka Chopra's series 'Citadel', she is continuously promoting it. Priyanka will be seen sharing screen space with Richard Madden in Russo Brothers' web series 'Citadel', which will see the actress in an action avatar. Recently she came to India with Nick Jonas and daughter Malti for its promotional press conference and also attended the opening ceremony of Nita Mukesh Ambani Cultural Centre. Priyanka's 'Citadel' will stream on Amazon Prime Video on April 28, 2023. Talking about Priyanka Chopra's film career, apart from 'Citadel', she will also be seen in the film 'Love Again'. Also she will be seen sharing the screen with Alia Bhatt and Katrina Kaif in the film 'Jee Le Zara'. Farhan Akhtar is directing this film.

# Kareena was floored by Diljit Dosanjh's performance at Coachella Music Festival, the actress said this

Diljit Dosanjh is the first Punjabi Indian to perform at the Coachella Music Festival. Diljit rocked the event. Dressed in traditional Punjabi attire, the singer and actor made the audience dance to some of his famous Punjabi songs. Now Kareena Kapoor Khan has reacted to his performance. Kareena shared the post- Actually, recently Kareena Kapoor shared a story on her Instagram account appreciating Diljit Dosanjh's Coachella performance. Sharing a video of Diljit's performance, the actress wrote in the caption - The OG AFF. Resharing this post of the actress, Diljit has shared it on his story and he has put the hand folded emoji.




Diljit sings his hit song - Coachella and singer Diljit shared the video in a collaboration post. In the clip, Diljit Dosanjh is seen wearing a black kurta pajama and a turban. He performed on several of his hit songs and treated the audience to an evening to remember. It was written in the caption of the post – Sahara is shining with Diljit. Users commented- This performance of Diljit is getting a lot of love on social media as well. A user wrote: "Historic night in California and a proud, inspiring, moment for Punjab and the diaspora around the world." Another user wrote – History my brother. So proud of you and the whole team on and off stage. On the other hand, another user wrote, "My brother, on behalf of the entire Diaspora, on behalf of the lovers, haters, and everyone else. Thank you." You have broken a very important barrier for all Punjabi artistes.

# Huge increase in prize money of domestic tournament, Ranji winner will now get five crores instead of two




The Duleep Trophy winner will get Rs 1 crore instead of Rs 40 lakh, while the runner-up will get Rs 50 lakh instead of Rs 20. The winner of Vijay Hazare Trophy, played for ODIs, will get one crore instead of 30 lakhs, the runner-up will get 50 lakhs instead of 15 lakhs. BCCI has drastically increased the prize money of domestic tournaments. From this season, the Ranji Trophy winner will now get Rs 5 crore instead of Rs 2. The biggest benefit has been to the tournaments of women's cricket. The winner of the Women's ODI Trophy will now get Rs 50 lakh instead of six and the winner of T20 Women's Trophy will get Rs 40 lakh instead of five. Ranji runner-up will get Rs 3 crore - BCCI Secretary Jai Shah tweeted that he is happy to inform that the prize money of all domestic tournaments of the board is being increased. Efforts on his part will continue to promote domestic tournaments, which are the backbone of Indian cricket. Irani Cup winner to get Rs 50 lakh – Ranji Trophy winners till now got two, runners-up got one and semi-finalists got Rs 50 lakh. Now the winner will get Rs 5, the runner-up three and the semi-finalists will get Rs 1 crore. The winner of the Irani Cup will get 50 lakhs instead of 25, while the runner-up will also get 25 lakhs. Women's cricket tournaments get a big benefit - Leap trophy winner will get 1 crore instead of 40 lakh, runner-up will get 50 lakh instead of 20 Will get the amount. The winner of Vijay Hazare Trophy, played for ODIs, will get one crore instead of 30 lakhs, the runner-up will get 50 lakhs instead of 15 lakhs. Pro. The DB Deodhar Trophy winner will get 40 lakh instead of 25 and the runner-up will get 20 lakh instead of 15. The winner of the Syed Mushtaq Ali T20 Trophy will get Rs 80 lakh instead of Rs 25 and the runner-up will get Rs 40 lakh instead of Rs 10. The winner of the Senior Women's ODI Trophy will get 50 lakh instead of six and the runner-up will get 25 lakh instead of three. The winner of the Senior Women's T20 Trophy will get Rs 40 lakh instead of Rs 5 and the runner-up will get Rs 20 lakh instead of Rs 3.

| DOMESTIC FEE RESTRUCTURING | EXISTING Figures in INR Lacs | | | REVISED Figures in INR Lacs | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| ournaments | WINNER | RUNNER UP | Losing Semi-finalists | WINNER | RUNNER UP | Losing Semi-finalist |
| anji Trophy | 200 | 100 | 50 | 500 | 300 | 10 |
| ani Cup | 25 | - | - | 50 | 25 | - |
| uleep Trophy | 40 | 20 | - | 100 | 50 | - |
| ijay Hazare Trophy | 30 | 15 | - | 100 | 50 | - |
| rof D B Deodhar Trophy | 25 | 15 | - | 40 | 20 | - |
| yed Mushtaq Ali Trophy | 25 | 10 | - | 80 | 40 | - |
| enior Women's One Day Trophy | 6 | 3 | - | 50 | 25 | - |
| enior Women's T20 Trophy | 5 | 3 | - | 40 | 20 | - |

# नगरीय निकाय नामाकंन के दृष्टिगत एडीएम-ई कोर्ट, मुशायरा ग्राउंड का किया निरीक्षण



क्यूँ न लिखूँ सच

मुरादाबाद - जिलाधिकारी/जिला निर्वाचन अधिकारी श्री शैलेन्द्र कुमार सिंह एवं वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक श्री हेमराज मीना ने नगरीय निकाय नामाकंन हेतु अपर जिलाधिकारी प्रशासन कोर्ट एवं कलेक्टेऊट स्थित मुशायरा ग्राउंड का निरीक्षण किया। निरीक्षण में कमिश्नरी चैराहे पर जिलाधिकारी/जिला निर्वाचन अधिकारी द्वारा सुरक्षा के दृष्टिगत रखते हुए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक व्यवस्थाएं दुरस्त कराने के निर्देश दिए।

संबंधित अधिकारियों को निरीक्षण उपरान्त पारदर्शिता बरतने तथा सजगतापूर्वक कार्य करने के निर्देश दिए।

इस अवसर पर वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक हेमराज मीना, ए0डी0एम0 वित्त एवं राजस्व युगराज सिंह, अपर जिलाधिकारी नगर आलोक कुमार वर्मा, एसपी सिटी अखिलेश भदोरिया, एसीएम मणि अरोरा सहित पुलिस विभाग के संबंधित अधिकारी व कर्मचारी उपस्थित रहें।

# मारपीट में घायल वृद्ध की उपचार के दौरान मौत, चार के मुकदमा दर्ज



क्यूँ न लिखूँ सच

मुरादाबाद-गांव मानावाला टांडा में चार दिन पूर्व खेत की मेढ़ पर खड़े पेड़ काटने के विवाद में हुई मारपीट में घायल वृद्ध की इलाज के दौरान मौत हो गई। इस मामले में पुलिस ने चार के खिलाफ गैर इरादतन हत्या का मुकदमा दर्ज किया है। गांव के राम कुंवर पुत्र हरदेव सिंह बंजारा (65) निवासी मानावाला टांडा ने 14 अप्रैल को अपनी पत्नी प्रेमवती के साथ कोतवाली पहुंचकर गांव के कुछ लोगों पर यूकेलिप्टस के पेड़ काटने के विवाद में मारपीट करने आरोप लगाया था। बचाने आई उसकी पत्नी प्रेमवती को भी मारपीट कर घायल कर दिया गया था। प्रेमवती की तहरीर पर पुलिस ने गांव के चार लोगों के खिलाफ एनसीआर दर्ज की थी। सोमवार सुबह घायल राम कुंवर की इलाज के दौरान मौत हो गई। सीओ राजेश तिवारी ने पुलिस टीम के साथ ग्रामीणों और मृतक के परिजनों से पूछताछ की। पुलिस ने प्रेम प्रेमवती की तहरीर पर गैर इरादतन हत्या का मुकदमा दर्ज किया है। इसमें गांव के गुड्डू पुत्र पूरन, सरोज पत्नी गुड्डू, मनोज पुत्र पूरन, नीतू पत्नी मनोज को नामजद किया है। एक आरोपी को पुलिस ने पूछताछ के लिए हिरासत में ले लिया है।

# ग्राम पंचायत मिलक अमावती को मिला नानाजी देशमुख सर्वोत्तम राष्ट्रीय ग्राम पंचायत पुरस्कार



क्यूँ न लिखूँ सच

मुरादाबाद,। डिलारी विकास खंड की ग्राम पंचायत मिलक अमावती को नानाजी देशमुख सर्वोत्तम राष्ट्रीय ग्राम पंचायत पुरस्कार मिला। केंद्रीय ग्रामीण विकास और पंचायती राज मंत्री गिरीराज सिंह ने राष्ट्रपति भवन में ग्राम प्रधान गार्गी चौधरी को पुरस्कार देकर सम्मानित किया।

राष्ट्रपति भवन में वह एक सप्ताह तक देश भर से आए ग्राम प्रधानों को सर्वांगीण विकास के लिए प्रशिक्षण देंगी।सोमवार को राष्ट्रपति द्रोपदी मुर्मू की अध्यक्षता में केंद्रीय ग्रामीण विकास और पंचायती राज मंत्री गिरिराज सिंह ने मिलक अमावती की ग्राम प्रधान गार्गी चौधरी को नानाजी देशमुख सर्वोत्तम राष्ट्रीय ग्राम पंचायत पुरस्कार से सम्मानित किया। पूरे देश से केवल गार्गी चौधरी को इस सम्मान से सम्मानित किया गया है। इनके अलावा 41 अन्य ग्राम प्रधानों को भी राष्ट्रपति भवन में सम्मानित किया गया।

राष्ट्रपति द्रोपदी मुर्मू ने राष्ट्रपति भवन में भाषण देते हुए कहा कि देश की 2.60 लाख ग्राम पंचायतों में अकेले उत्तर प्रदेश में 60 हजार ग्राम पंचायतें हैं। जिसमें मुरादाबाद जनपद की ग्राम पंचायत मिलक अमावती की महिला प्रधान गार्गी चौधरी ने आज पूरे देश में अपने प्रदेश, जनपद और मंडल स्तरीय अधिकारियों का सिर भी गर्व से ऊंचा कर दिया। देश की खुशहाली का रास्ता गांव की गलियों से होकर गुजरता है। शिक्षा, स्वास्थ्य, सफाई और गांव को शहर से जोड़ने का जो सपना राष्ट्रपिता महात्मा गांधी ने देखा था वह अब साकार होता दिखाई दे रहा है। इन्हीं शब्दों के साथ मिले सम्मान से गार्गी अपनी आंखों से आंसुओं को छलकने से नहीं रोक पाईं। ग्राम प्रधान गार्गी चौधरी ने कहा कि गांव में विकास कार्यों के लिए बड़ा दिल होना जरूरी है। ग्राम प्रधान गांव को अपने बच्चे की तरह समझें तभी गांव के लिए कुछ करने जज्बा पैदा हो पाता है। आज जो सम्मान मुझे मिला है यह सब उसी जज्बे की देन है।

# एसी का कंप्रेसर फटने से कबाड़ी की मौत



क्यूँ न लिखूँ सच

मुरादाबाद-मुगलपुरा थाना क्षेत्र में सोमवार को एसी का कंप्रेसर फटने से एक कबाड़ी की मौत हो गई। हादसा पान दरीबा कंबल का ताजिया मोहल्ले में हुआ। बगैर पोस्टमार्टम परिजनों ने कबाड़ी का शव दफन कर दिया। मुगलपुरा थाना प्रभारी अमित कुमार ने बताया कि पान दरीबा कंबल का ताजिया मोहल्ला निवासी कामिल (39) पुत्र मोहम्मद जान कबाड़ की दुकान चलाता था। सोमवार सुबह करीब दस बजे कामिल दुकान पर बैठा था। तभी एक युवक पुरानी एसी लेकर उसकी दुकान पर पहुंचा। कामिल ने कबाड़ के रूप में एसी खरीद लिया?। इसके बाद वह एसी तोड़ने लगाया। एसी तोड़ते के दौरान अचानक कंप्रेशर फट गया। कबाड़ी कामिल तेज धमाके की चपेट में आ गया। तेज आवाज सुनकर पड़ोसी मौके पर पहुंचे। कामिल अपनी दुकान में बेहोशी के हाल मे मिला। कुछ ही देर में परिजन भी मौके पर आ गए। घायल कामिल को साथ लेकर वह एक निजी चिकित्सक के पास पहुंचे?। चिकित्सक ने कामिल को देखते ही मृत घोषित कर दिया। कामिल पांच भाइयों में सबसे छोटा था। महज छह साल पहले ही कामिल की शादी हुई थी। वह दो बेटियां और एक बेटे का पिता था। भयावह हादसे में कामिल की मौत से परिजनों पर विपत्ति का पहाड़ टूट पड़ा है। थाना प्रभारी अमित कुमार ने बताया कि परिजनों ने कामिल का शव बगैर पोस्टमार्टम दफन कर दिया।

# भूमि विवाद में निर्यातक व होटल कारोबारी आमने-सामने, रिपोर्ट




क्यूँ न लिखूँ सच

मुरादाबाद, करोड़ों की भूमि पर कब्जे के विवाद में महानगर के दो बड़े व्यवसायी आमने-सामने आ गए हैं। तहरीर के आधार पर दोनों ही पक्षों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज करते हुए सिविल लाइंस पुलिस ने जांच शुरू कर दी है। दो कारोबारियों के बीच भूमि विवाद पर पुलिस के उच्चाधिकारियों की नजर गड़ी हुई है। होटल कारोबारी ऋषि छाबड़ा ने एसएसपी को तहरीर दी। बताया कि 12 मार्च 2023 की सुबह 10 बजे मजदूरों के साथ वह अपने प्लाट की टूटी दीवार का पुर्ननिर्माण करा रहे थे। तभी दिल्ली रोड स्थित इलेवन ऑर्चिड निवासी अनिल तोमर, अकबर किला निवासी निर्यातक अदनान अकबर कय्यूम व उनकी मां अफसरी खातून के अलावा अन्य लोग मौके पर पहुंचे। अनिल तोमर ने मजदूरों पर पिस्टल लगाते हुए ऋषि छाबड़ा से कहा कि रंगदारी के रूप में एक करोड़ रुपये दो। तब दीवार बनने दी जाएगी।

इस दौरान आरोपियों ने मजदूर फरमान की पीठ पर सरिया से वार किया। मारपीट के कारण मजदूर भाग गए। उधर, कोर्ट में कांठ रोड अकबर किला निवासी अदनान अकबर कय्यूम ने याचिका दाखिल करते हुए बताया कि सोनकपुर में उनकी जमीन है। कुछ लोग उस पर कब्जा करना चाहते हैं। 12 मार्च सुबह साढ़े नौ बजे कुछ लोग जमीन की चहारदीवारी तोड़ रहे थे। वह संजीव कुमार, जयदीप मान के साथ मौके पर पहुंचे। वहां मानसरोवर कॉलोनी निवासी ऋषि कुमार छाबड़ा अपने बेटे दीपक छाबड़ा के साथ जेसीबी की मदद से प्लाट की चहारदीवार तोड़ रहे थे। उनके साथ अन्य लोग भी थे। हथियारबंद आरोपियों ने रंगदारी के रूप में दो करोड़ रुपये मांगे। आरोपियों ने कहा कि यदि रुपये नहीं मिले तो वह प्लाट पर कब्जा कर लेंगे। दोनों पक्षों से मिली तहरीर के आधार पर सिविल लाइंस थाने में मुकदमा दर्ज किया गया है। पूरी घटना उच्चाधिकारियों की जानकारी में हैं। जांच जारी है। तथ्यों व अभिलेखों के आधार पर कानूनी कार्रवाई की जाएगी। अखिलेश भदौरिया, एसपी सिटी।

# भाजपा महापौर प्रत्याशी विनोद अग्रवाल ने दाखिल किया नामांकन



क्यूँ न लिखूँ सच

मुरादाबाद-भारतीय जनता पार्टी के महापौर पद के अधिकृत प्रत्याशी विनोद अग्रवाल ने सोमवार को दो सेट में अपना नामांकन पत्र दाखिल किया। उन्होंने रिटर्निंग अधिकारी अपर जिलाधिकारी सुरेंद्र सिंह को नामांकन पत्र सौंपा। उन्होंने कहा कि वह महानगर के विकास को और गति देंगे।

नामांकन के दौरान उनके साथ नगर विधायक रितेश गुप्ता, जिला पंचायत अध्यक्ष डा शेफाली सिंह, विधान परिषद सदस्य सतपाल सैनी, पूर्व सांसद सर्वेश कुमार सिंह, महानगर अध्यक्ष धर्मेंद्र मिश्रा, प्रिया अग्रवाल आदि की मौजूदगी रही।

# चिंता! गर्मी में रेलवे स्टेशन पर पेयजल की समस्या से जूझ रहे यात्री, जिम्मेदार मौन




क्यूँ न लिखूँ सच

मुरादाबाद- गर्मी बढ़ने के साथ ही रेलवे स्टेशन पर पानी की समस्या होने लगी है। रेलवे की ओर से लगाए पानी के वाटर कूलर खराब होने से यात्रियों की मुश्किलें बढ़ गई हैं। अब उन्हें प्यास बुझाने के लिए स्टेशन पर बोतलबंद पानी खरीदना पड़ रहा है। पिछले दिनों हुई बरसात से मौसम सामान्य था, लेकिन 10 अप्रैल के बाद से मौसम का मिजाज गर्म हो गया है। तब से लगातार गर्मी बढ़ती जा रही है। तेज धूप से ट्रेन में सफर करने वाले यात्रियों को गर्मी ने खूब सताया। स्टेशन पर आने वाले यात्री पानी के लिए परेशान दिखे। दोपहर में अमृत विचार टीम रेलवे स्टेशन के प्लेटफार्म नंबर एक पर पहुंची। जहां ट्रेन के इंतजार के बैठे यात्री पानी के लिए परेशान दिखे। जिसकी वजह थी प्लेटफार्म नंबर एक पर लगे वाटर कूलर का खराब होना। यात्री रमेश पाल ने बताया कि वाटर कूलर में पानी नहीं आ रहा है। जिसके चलते उसने पानी की बोतल खरीद कर प्यास बुझाई। यही हाल प्लेटफार्म नंबर दो का था। यहां भी वाटर कूलर में पानी नहीं आ रहा था। यात्रियों ने प्लेटफार्म पर लगे स्टाल से पानी की बोतल खरीदी। यात्री नाजिम ने बताया कि काफी दिनों से स्टेशन पर लगे वाटर कूलर खराब पड़े हैं। जिससे पीने के पानी की समस्या होने लगी है। छोटे स्टेशनों पर भी नहीं पेयजल की सुविधा - जनपद में छोटे-छोटे कई स्टेशन हैं, जहां पैसेंजर ट्रेनों का ठहराव होता है। हरथला रेलवे स्टेशन पर यात्रियों के लिए रेलवे की ओर से पीने के पानी की कोई सुविधा नहीं थी। स्टेशन पर सिर्फ एक हैंडपंप लगा था।

## बोतल बंद पानी की मांग बढ़ी

रेलवे स्टेशन व ट्रेनों में रेल प्रशासन द्वारा यात्रियों को बोतल बंद पानी के रूप से रेल नीर उपलब्ध कराया जाता है। मौसम गर्म होने के बाद पानी की बोतल की मांग बढ़ गई है। मुरादाबाद स्टेशन पर प्रतिदिन 10,000 रेल नीर की बोतल की बिक्री हो रही है। जिसके चलते रेलवे अधिकारियों ने रेल नीर की आपूर्ति बढ़ाने के आदेश दिए हैं। गर्मी के मौसम में यात्रियों को पानी की दिक्कत न हो। इसके लिए सभी इंतजाम पूरे करने के आदेश दिए गए हैं। गर्मी बढ़ने पर आईआरसीटीसी को पत्र लिखकर बोतलबंद पानी की आपूर्ति बढ़ाने को कहा गया है। -सुधीर सिंह, सीनियर डीसीएम

क्यूँ न लिखूँ सच

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक नरेश राज शर्मा द्वारा ए0एच0प्रिंटर्स, ए-11, असालतपुरा, लंगड़े की पुलिया, मुरादाबाद-244001(उत्तर प्रदेश) से छपवाकर कार्यालय म.नं. 210 खा सीतापुरी,डबलफाटक जनपद-मुरादाबाद (उत्तर प्रदेश) से प्रकाशित एवं वितरित किया।

संपादक - नरेश राज शर्मा

मो. 9027776991

RNI NO- UPBIL/2021/83001

इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादक हेतु पीआरबी एक्ट के अन्तर्गत उत्तरदायी होंगे तथा इनसे उत्पन्न समस्त

## सेंट्रा प्रीमियर लीग (सीपीएल) सीजन-5 के खिलाड़ियों की नीलामी हुई मुकम्मल

सत पाल सोनी
क्यूँ न लिखूँ सच




लुधियाना - सेंट्रा प्रीमियर लीग सीजन-5 के खिलाड़ियों की नीलामी में पांच टीमों द्वारा खर्च किए गए 25000 प्वॉइंट्स में कुल 50 खिलाड़ी बिके।

यह एक रोमांचक मैच की तरह था जिसमें सिमरनजोत सिंह सेठी के लिए सेंट्रा सुपर जायंट्स ने 1800 अंकों की उच्चतम बोली लगाई थी। एक दिलचस्प परिदृश्य में हेज़ल किंग के पूर्व कप्तान परवेश सेतिया को मेपल राइडर्स द्वारा खरीदा गया और मेपल राइडर्स के पूर्व कप्तान (सीपीएल -4 विजेता) विभांशु भसीन को हेज़ल किंग्स द्वारा प्रत्येक 1600 अंकों में खरीदा गया। पिछले सीजन के स्टार बल्लेबाज रहे तेजिंदर सिंह गांधी को सेंट्रा सुपर जाइंट्स ने महज 900 प्वाइंट्स में खरीदा। यह अंत में एक जैकपॉट की तरह था जब अधिकांश टीमें अंक से बाहर हो गई थीं। शुभम मदान, अंकुर केहर, गौतम बत्रा और ध्रुव भी ऊंची बोली वाले खिलाड़ियों में शामिल थे। सीपीएल-4 में मैन ऑफ द सीरीज रहे अमित गर्ग को हेजल किंग्स ने खरीदा है। राजीव भल्ला, अमित भल्ला, डॉ तनवीर सिंह भूटानी और अन्य विशिष्ट अतिथियों एवं निवासियों की उपस्थिति में सीपीएल सीजन 5 के लिए सेंट्रा ग्रीन्स की शानदार टाउनशिप के सामने लॉन में खिलाड़ियों की नीलामी के लिए 16 अप्रैल की एक बेहतर शाम थी। मैपल राइडर्स के प्रायोजक डॉ. भूटानी ने कहा कि जिस तरह से इस टूर्नामेंट का आयोजन किया जा रहा है उससे वह चकित और बहुत खुश हैं। सीपीएल के आगामी सत्र के लिए नई आकर्षक जर्सी का भी अनावरण भी किया गया। यह लोकप्रिय सेंट्रा प्रीमियर लीग (सीपीएल-5) का 5वां सीजन है, जो छह टीमों के बीच 6 और 7 मई 2023 को लुधियाना के पखोवाल रोड स्थित सेंट्रा ग्रीन्स (अभय ओसवाल की एक टाउनशिप) में खेला जाएगा।

## अरुण मौर्य का नाम सामने आते ही उसका पिता, मां व दो बच्चों को लेकर कासगंज स्थित पैतृक गांव से भाग निकला

निशाकांत शर्मा
क्यूँ न लिखूँ सच

एटा-प्रयागराज में अतीक और उसके भाई अशरफ की सनसनीखेज हत्या में शामिल शूटर अरुण मौर्य का नाम सामने आते ही उसका पिता, मां व दो बच्चों को लेकर कासगंज स्थित पैतृक गांव से भाग निकला। वो गांव में चाट-पकौड़ी का ठेला लगाता था। दोपहर को पहुंची पुलिस की टीम को घर बंद मिला। पिता की चाट-पकोड़े की ठेल सोरों कोतवाली पुलिस ने गांव कादरबाड़ी में पहुंचकर ग्रामीणों को अरुण मौर्य का फोटो दिखाया तो लोगों ने उसकी पहचान कर दी। ग्रामीणों ने पुलिस को बताया कि, अरुण मौर्य का पिता गांव में रहकर चाट पकौड़ी का ठेला लगाता है। हरियाणा में बीता बचपन अरुण बचपन से ही अपने बाबा मथुरा प्रसाद के पास हरियाणा के पानीपत स्थित विकास नगर में रह रहा था। उसका जन्म भी बाबा के घर पानीपत में ही हुआ था। उसके बाबा अरुण के पिता दीपक कुमार को अपने साथ 20 साल पहले ले गए थे। पांच साल पहले दीपक मौर्य गांव लौट आया, लेकिन अरुण पानीपत में बाबा के पास ही रहता था। पुलिस के मुताबिक रविवार सुबह जैसे ही अरुण मौर्य का नाम चर्चा में आया तो इसकी भनक पिता दीपक मौर्य को लग गई। वह अपनी पत्नी केला व दो बच्चे अनकेत व सपना को लेकर घर पर ताला डालकर भाग निकला। पुलिस उसकी तलाश करने में जुट गई है।

### कादरबाड़ी गांव में पसरा सन्नाटा

अतीक व अशरफ हत्याकांड के बाद सोरों कोतवाली पुलिस



शूटर अरुण मौर्य के परिवार की तलाश में गांव कादरबाड़ी पहुंची तो गांव की गलियों में सन्नाटा पसरा हुआ था। पुलिस के पहुंचते ही ग्रामीण समझ गए कि कोई बड़ी वारदात हो गई है। रविवार की दोपहर कोतवाली प्रभारी डीके त्यागी पुलिस बल के साथ गांव कादरबाड़ी पहुंचे तो गांव के लोग कुछ समझ नहीं पाए। पुलिस ने जैसे ही अरुण मौर्य के संबंध में जानकारी चाही तो अरुण के घर के पास खड़े लोग सहम गए। अरुण के घर के सामने सन्नाटा पसरा हुआ था। ग्रामीणों ने बताया कि अरुण का पिता सुबह चाट पकौड़ी का ठेला लगाने की तैयारी कर रहा था। लेकिन पुलिस के आने की भनक लगते ही भाग निकला।

### हाथ की हड्डी टूटी थी तब अरुण आया था गांव

ग्रामीणों और उसके घर के आसपास के लोगों से पुलिस ने जब अरुण के यहां आने के बारे में पूछा तो उन्होंने इतना ही बताया कि, अरुण करीब आठ माह पूर्व वह गांव कादरबाड़ी आया था। उस समय उसके हाथ में फ्रैक्चर था। इसके बाद फिर नहीं आया। वह जब यहां आया था तो भी गांव के लोगों से कोई वास्ता नहीं रखा था। हत्याकांड से तार जुड़ने पर ग्रामीण हतप्रभ हैं।

### अरुण के पिता के हिस्से में डेढ़ बीघा जमीन

ग्राम प्रधान प्रतिनिधि प्रभात सक्सेना व अरुण के पिता दीपक मौर्य के पड़ोसी बताते हैं कि दो वर्ष पूर्व वह गांव आया था। उसके बाद की जानकारी नहीं हैं। दीपक मौर्य के हिस्से में डेढ़ बीघा जमीन आती है। पुलिस ने गांव में ग्रामीणों से अरुण के बारे में अपराधिक दृष्टि से भी जानकारी करने के लिए चर्चा की, लेकिन लोगों ने पुलिस को इतना बताया कि वह यहां रहता नहीं था।

### प्रयागराज कमिश्नर ने एसपी से ली परिवार की रिपोर्ट

कासगंज। प्रयागराज में अतीक व अशरफ की हत्या के बाद शूटर अरुण मौर्य का परिवार प्रयागराज पुलिस के रडार पर आ गया है। प्रयागराज पुलिस के कमिश्नरेट के आला अधिकारी कासगंज एसपी से संपर्क बनाए हुए थे। जिस पर अरुण मौर्य व उसके परिवार के बारे में पुलिस की टीम ज्यादा से ज्यादा सूचनाएं एकत्र करने में लगी हुई हैं। रविवार की सुबह कादरबाड़ी के लोग रोजमर्रा के कार्यों में ही जुटे हुए थे। गांव में प्रवेश करते ही 50 मीटर की दूरी पर एक पतली गली में शूटर अरूण मौर्य का परिवार रहता है।

## कैबिनेट मंत्री डॉ. बलजीत कौर द्वारा पंजाब की सभी एन. जी. ओज़ को ग्रांटों का वितरण

सत पाल सोनी
क्यूँ न लिखूँ सच




लुधियाना - डॉ. बलजीत कौर, सामाजिक सुरक्षा, महिला एवं बाल विकास विभाग मंत्री, पंजाब की तरफ से स्थानीय बचत भवन लुधियाना में पंजाब की समूह समाज सेवीं संस्थाओं (एन. जी. ओ) को पी. एम 6 स्कीम के अधीन जो समाज के लिए बेहतर काम कर रही हैं, को उत्साहित करने के तौर पर ग्रांट दी गई और उनके साथ मीटिंग करके समाज की बेहतरी के लिए और आगे से बढ़-चढ़ कर काम करने को उत्साहित भी किया गया। इस मीटिंग में उनके साथ विधायक रजिन्दरपाल कौर छीना, श्रीमती माधवी कटारिया डायरैक्टर सामाजिक सुरक्षा, महिला एवं बाल विकास विभाग पंजाब, श्रीमती गुरप्रीत कौर दियो स्पैशल डी. जी. पी. पंजाब और अतिरिक्त डिप्टी कमिशनर (ग्रामीण विकास) अमित पंचाल शामिल थे। कैबिनेट मंत्री डॉ. बलजीत कौर ने कहा कि एन. जी. ओज़ को लिखित तौर पर माँग करने पर पिछली सरकारों की तरफ से जो ग्रांटें दी गईं हैं, उस व्यवस्था को हमारी तरफ से बिल्कुल बंद किया गया है। अब समाज सेवीं संस्थाओं का इंटरव्यू करके ही चयन किया गया है। उन्होंने कहा कि यह समाज सेवीं संस्थाएं प्राप्त हुई ग्रांट पर क्या काम करती हैं, उसकी देख-रेख सामाजिक सुरक्षा, महिला एवं बाल विकास विभाग पंजाब करेगा। उन्होंने कहा कि दी गई ग्रांट की विभाग द्वारा मासिक या फिर अधिकारियों की तरफ से दौरा करके इसकी चैकिंग भी की जायेगी। उन्होंने कहा कि इन ग्रांटों की देख-रेख करके ही भविष्य में समाज सेवीं संस्थाओं को दोबारा से ग्रांटें दीं जाएंगी और विभाग की पालिसी अनुसार काम न होने की सूरत में कानूनी तौर पर कार्यवाही भी की जायेगी। उन्होंने कहा कि यदि इन संस्थाओं की तरफ से यह ग्रांट लोगों की भलाई की जगह किसी अन्य राजनैतिक काम के लिए इस्तेमाल की गई तो उस एन. जी. ओ पर तुरंत कानूनी कार्यवाही भी की जायेगी। कैबिनेट मंत्री ने कहा कि आम आदमी पार्टी की सरकार मुख्यमंत्री भगवंत मान के योग्य नेतृत्व अधीन लोगों की भलाई के लिए दिन-रात काम कर रही है और उनकी तरफ से जन हितैषी स्कीमें चला कर आम लोगों को सीधे तौर पर लाभ दिया जा रहा है। उन्होंने कहा कि पंजाब के लोग बहुत ज़्यादा समझदार हैं। एक साल में पंजाब सरकार की तरफ से लोगों की भलाई के लिए जो काम किया गया है, वह लोगों के सामने है। इसलिए जिन लोगों को सहूलतें मिलीं हैं, इसका सबूत भी लोग स्वयं ही देंगे। इस मौके पर विभिन्न विभागों के उच्च अधिकारी भी उपस्थित थे।



## दस लीटर अवैध कच्ची शराब के साथ एक गिरफ्तार

अरविन्द कुमार यादव
क्यूँ न लिखूँ सच

श्रावस्ती - श्रावस्ती पुलिस अधीक्षक प्राची सिंह के कुशल निर्देशन में जनपद मे शराब निष्कर्षण व अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में थानाध्यक्ष अखिलेश कुमार पाण्डेय व पुलिस टीम के द्वारा क्षेत्र भ्रमण के दौरान मुखबिर की सूचना पर अभियुक्त राम धीरज पुत्र बड़कऊ निवासी पोदू पुरवा दा0 गोपालपुर थाना गिलौला जनपद श्रावस्ती को 10 लीटर अवैध कच्ची शराब व शराब बनाने का उपकरण के साथ गिफ्तार किया गया। अभियुक्त के विरुद्ध थाना गिलौला पर मुकदमा आबकारी अधिनियम में पंजीकृत किया गया।

## कांग्रेस ने जनपद एटा के नगर पालिका परिषद के वार्ड सदस्य पद हेतु उम्मीदवार घोषित किए

निशाकांत शर्मा
क्यूँ न लिखूँ सच

एटा-उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष पूर्व सांसद श्री बृजलाल खबरी जी एवं उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के प्रांतीय अध्यक्ष श्री योगेश दीक्षित जी के निर्देशानुसार एटा शहर कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष विनीत पाराशर बाल्मीकि ने प्रेस कांफ्रेंस करके जनपद एटा के नगर पालिका परिषद के वार्ड सदस्य पद हेतु उम्मीदवार घोषित किए वार्ड नंबर 2 अंबेडकर नगर श्रीमती ज्योत्सना पत्नी अनंत प्रताप वार्ड नंबर 3 जगन्नाथ पुरी श्री करण प्रताप सिंह चौहान पुत्र राजेश सिंह चौहान वार्ड नंबर 4 लालपुर श्री सनी कुमार पुत्र वीरेंद्र सिंह वार्ड नंबर 5 पटियाली गेट श्रीमती नाजमा पत्नी शिवगत उल्लाह खान वार्ड नंबर 6 कटरा मोहल्ला श्री ऋषि कुमार बघेल पुत्र घनश्याम सिंह वार्ड नंबर 8 दिनेश नगर श्रीमती रुखसाना पत्नी अनवर वार्ड नंबर 9 द्वारकापुरी श्री योगेश बघेल उर्फ भगत जी पुत्र जिलेदार सिंह बघेल वार्ड नंबर 10 पंजाबपुरा श्री आमिर अली पुत्र रियासत अली वार्ड नंबर 11 बापुनगर श्रीमती रिजवाना पत्नी सानू वार्ड नंबर 12 कैलाश गंज श्रीमती नीतू कुमारी पत्नी लोकेश कुशवाह वार्ड नंबर 14 मेन गंज श्री अजीत सिंह सोलंकी पुत्र कृष्ण पाल सिंह सोलंकी वार्ड नंबर 16 अवागढ़ हाउस वार्ड प्रमोद कुमार कठेरिया पुत्र विनोद कुमार नंबर 17 शिवगंज श्रीमती फरिम सैफी पत्नी केशव चौहान वार्ड नंबर 18 रेवाड़ी मोहल्ला श्रीमती नरगिस वारसी पत्नी वसीम सलमानी वार्ड नंबर 21 गली बलदेव सहाय श्रीमती राधा वाष्णेय पत्नी अनुज वाष्णेय वार्ड नंबर 22 पुराना बाजार श्री सावेज खां पुत्र कल्लू का वार्ड नंबर 23 विजय नगर कॉलोनी श्री आबिद अली पुत्र अब्दुल गफ्फार वार्ड नंबर 24 महाराणा प्रताप नगर श्री संजीव गुप्ता पुत्र जयप्रकाश गुप्ता वार्ड नंबर 25 इस्लामनगर श्रीमती शबनम पत्नी सहादत अली नोट वार्ड नंबर 1 जाटव पुरा श्रीमती सुमन देवी पत्नी श्री मुन्नालाल पाथरे को समर्थित प्रत्याशी बनाया जाता है प्रेस कॉन्फ्रेंस में पूर्व राज्यसभा सांसद श्रीमती सत्या बहन जिला अध्यक्ष गंगा सहाय लोधी कार्यवाहक जिलाध्यक्ष अनिल सोलंकी सुल्तान अली अब्बास

## परिवारों को समझा कर फिर से एक साथ रहने के लिए राजी किया

निशाकांत शर्मा
क्यूँ न लिखूँ सच




एटा-वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक श्री उदय शंकर के निर्देशन में महिला थाना कैंपस नारी उत्थान केंद्र दिनांक 16/4/2023 आज आपसी मतभेदों के कारण टूटने की कगार पर एक खड़े परिवारों को समझा कर फिर से एक साथ रहने के लिए राजी किया गया वादी शकीला पत्नी श्री मुस्तकीम निवासी मोहल्ला कम्मू कस्बा व थाना मारहरा जिला एटा प्रतिवादी मुस्तकीम निवासी मोहल्ला कम्मू कस्बा व थाना मारहरा जिला एटा आपसी मतभेदों के कारण परिवार परामर्श केंद्र में पत्रावली प्रचलित थी दोनों परिवारों को परिवार परामर्श केंद्र में काउंसलिंग पर समझाया गया दोनों अपनी गलतियों को मानते हुए साथ रहने के लिए राजी हुए आज की बैठक में प्रभारी निरीक्षक बेगराम सिंह काउंसलर डॉ अशोक कुमार सचेंद्र गुप्ता सीमा मल्होत्रा पुलिस स्टाफ हेड कांस्टेबल मिथलेश पूजा मौजूद रहे।

## अवैध देसी कट्टा के साथ एक गिरफ्तार

प्रेमचंद जायसवाल
क्यूँ न लिखूँ सच



श्रावस्ती - श्रावस्ती प्रभारी निरीक्षक रामपाल यादव मय पुलिस टीम के द्वारा के द्वारा क्षेत्र भ्रमण के दौरान मुखबिर की सूचना पर डिलवा चौराहे के पास से 1 अभियुक्त को एक अदद अवैध देसी कट्टा व एक अदद जिंदा कारतूस के साथ गिरफ्तार किया गया। अभियुक्त के विरुद्ध थाना स्थानीय पर मुकदमा पंजीकृत किया गया।

## निकाय चुनावों में भाजपा को जनसमर्थन जोरशोर से -ठाकुर राकेश कुमार सिंह

लवकुश ठाकुर
क्यूँ न लिखूँ सच



अलीगढ-भाजपा किसान मोर्चा के पूर्व जिला अध्यक्ष महानगर ठाकुर राकेश कुमार सिंह ने कहा है कि वार्ड नंबर 36 62 में बराबर दौरा किया जा रहा है जनता से संपर्क किया जा रहा है सरकार की योजनाओं के बारे में जनता को अवगत कराया जा रहा है जिस व्यक्ति को योजना का लाभ नहीं मिल पा रहा है उसे भी पूरा कराया जा रहा है भाजपा किसान मोर्चा के पूर्व जिला अध्यक्ष महानगर ठाकुर राकेश कुमार सिंह ने यह भी कहा है कि वार्ड नंबर 36 62 उनके बहुत मजबूत क्षेत्र क्षेत्रों में हर घर पर संपर्क किया जा रहा है जनता से भाजपा प्रत्याशियों को जिताने के लिए वोट की मांग की जा रही है भाजपा किसान मोर्चा के पूर्व जिला अध्यक्ष महानगर ठाकुर राकेश कुमार सिंह यह भी कहा है कि वार्ड नंबर 36 62 में हर समाज का व्यक्ति कोई समाज अछूता नहीं है भाजपा को वोट दे रहा है इन दोनों क्षेत्रों से जनसमर्थन मिल रहा है जनता का कहना है कि उज्जवला गैस योजना के अंतर्गत गैस फ्री मिली है राशन फ्री में लगाएं पीएम आवास फ्री मिल रहे हैं शौचालय भी फ्री मिल गए इसलिए जनता ने मोदी योगी जी को वोट देने का मन बना लिया है सरकार की इन योजनाओं से जननायक जनता में काफी उत्साह है

## डीजीपी पंजाब ने खन्ना के सुपर कॉप को किया सम्मानित, इंस्पेक्टर रैंक पर किया पदोन्नत

सत पाल सोनी
क्यूँ न लिखूँ सच



लुधियाना/खन्ना- खन्ना पुलिस के एंटी नारकोटिक सेल के इंचार्ज जगजीवन राम ने सिर्फ़ एक साल में 145 एफ. आई. आरज़, जिनमें ज़्यादातर हथियार एक्ट और एन. डी. पी. एस. एक्ट के अंतर्गत मामले शामिल हैं, दर्ज की हैं। जगजीवन राम की महारत, तजुर्बे और चौकसी स्वरूप उनके नेतृत्व अधीन लगाए गए नाकों से नशा तस्करों सहित कोई भी समाज विरोधी तत्व भाग नहीं सका। इन एफ. आई. आरज़. से 6.8 किलोग्राम हेरोइन, 77.5 किलो अफ़ीम, 8 क्विंटल भुक्की, 1.8 किलो आई. सी. ई., 5.8 किलो चरस, 79 किलो गाँजा, 2.39 लाख नशीली गोलियाँ, 50 पिस्तौल, 1 राइफल, 4 करोड़ 74 लाख रुपए की भारतीय करैंसी, 1.39 लाख रुपए की जाली भारतीय करैंसी, 4 किलो सोना और 213 किलो चाँदी की बरामदगी हुई। इसके साथ ही खन्ना के गाँव बाहो माजरा में राइस शैलर की इमारत में चल रही नाजायज शराब की भट्ठी का पर्दाफाश इंस्पेक्टर जगजीवन द्वारा किया गया था। जगजीवन राम की अपनी ड्यूटी के प्रति असाधारण समर्पण भावना को मान्यता देते हुये डायरैक्टर जनरल आफ पुलिस (डीजीपी) पंजाब गौरव यादव ने आज सब-इंस्पेक्टर जगजीवन राम को इंस्पेक्टर के स्थानीय रैंक पर पदोन्नत किया। सीनियर पुलिस कप्तान (एसएसपी) खन्ना अमनीत कोंडल भी मौजूद थे। इंस्पेक्टर जगजीवन राम ने उनकी सेवाओं को मान्यता देने के लिए डीजीपी पंजाब और विशेष डीजीपी कानून और व्यवस्था का धन्यवाद करते हुये कहा कि उन्होंने देश की सेवा के लिए ख़ुद को पूरी तरह समर्पित किया हुआ है। ज़िक्रयोग्य है

## घर में लगी आग गृहस्थी का सामान जलकर राख

अरविन्द कुमार यादव-क्यूँ न लिखूँ सच

श्रावस्ती जनपद के इकौना देहात के शेखन पुरवा गांव में श्यामलाल के घर में चाय बनाई जा रही थी। इस दौरान निकली चिंगारी से घर में आग लग गई जब तक लोग कुछ समझ पाते पड़ोस के मुस्ताक के मकान में भी आग फैलकर लग गई। जिसके चलते दोनों घरों में रखा गृहस्थी का सारा सामान जलकर राख हो गया है।वही दमकल विभाग को सूचना दी गई जिसके बाद मौके पर ग्रामीणों की मदद से दमकल विभाग ने आग पर काबू पा लिया।लेकिन तब तक दोनों घरों में मैं रखी गृहस्थी का सामान जलकर राख हो गया